समाचार

# प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए घातक–सांसद

## (प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन में सक्रिय सहभागिता तथा एन.यू.एल.एम. के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली हितग्राहियों को किया गया सम्मानित)

कोरबा 07 नवम्बर 2019 –सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने आज कहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण, मानव व प्राणी मात्र के स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के लिए अत्यंत घातक है। हम सब संकल्प लें कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, कपड़ा, जूट के थैले उपयोग में लाएंगे। उन्होने कहा कि हम यह भी संकल्प लें कि कचरे को सार्वजनिक स्थानों पर नहीं फेंकेगे तथा अपने कोरबा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना पूरा सहयोग देंगे।

उक्त बातें सांसद श्रीमती महंत ने आज गीतांजलि भवन कोरबा में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज गीतांजलि भवन कोरबा में प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन में महत्वपूर्ण सहभागिता तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत व्यक्तिगत व समूह ऋण लेकर स्वरोजगार की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व महिला स्वसहायता समूहों के सम्मान करने हेतु समारोह का आयोजन किया गया। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने की, इस अवसर पर आयुक्त श्री राहुल देव, अपर कलेक्टर प्रियंका महोबिया, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, ग्रामीण अध्यक्ष उषा तिवारी, सपना चौहान, अपर आयुक्त अशोक शर्मा, एस.डी.एम. सुनील नायक विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने आगे कहा कि नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा है प्लास्टिक फ्री कोरबा अभियान निश्चित रूप से सराहनीय कदम है, वास्तव में

सिंगल यूज प्लास्टिक हम सब के लिए अत्यंत घातक है, हमें इसका उपयोग न करने का संकल्प लेना होगा। उन्होने कहा कि सबकी सामूहिक सहभागिता से ही स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, हम सब मिलकर सफाई अभियान चलाएंगे, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगे, तभी हमें इस महाअभियान में सफलता मिलेगी। उन्होने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन में सक्रिय सहभागिता देने वाली महिलाओं के सम्मान के लिए उन्हें बधाई दी।

<u>आजीविका मिशन ने संवारा लोगों का जीवन</u>– इस अवसर पर आयुक्त श्री राहुल देव ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन ने लोगों का जीवन संवारा हैं तथा इस मिशन के तहत प्राप्त ऋण से स्वयं को व्यवसाय चालू कर लोग स्वावलंबी बने हैं। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत प्राप्त ऋण से हितग्राही श्रीमती गंगा साहू द्वारा लेटरिंग व्यवसाय, मो.इलियाज द्वारा स्वयं की दुकान, एकता महिला स्वसहायता समूह द्वारा नमकीन व्यवसाय, वीणा वादिनी स्वसहायता समूह द्वारा बैंक लिंकेज के माध्यम से ब्याज बचाकर एवं कैलाशचंद देवांगन द्वारा स्वयं की साईकिल दुकान खोलकर सफल जीवन यापन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इसके अतिरिक्त बहुत से उदाहरण हैं, जिनमें हितग्राहियों को जीवन सुधरा है और वे स्वावलंबी बने हैं। उन्होने बताया कि दिव्यांगजन अमित ठाकुर ने व्यक्तिगत ऋण लेकर सब्जी का व्यवसाय प्रारंभ किया तथा आज वे अपने स्वयं के व्यवसाय से अपने परिवार का समुचित भरण पोषण कर रहे हैं।

<u>प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन में उत्कृष्ट सहभागिता</u> – आयुक्त श्री देव ने आगे कहा कि निगम द्वारा चलाए गए प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन में महिला स्वसहायता समूहों ने अपनी उत्कृष्ट सहभागिता दी, दीपावली के अवसर पर कपड़े के थैले बनाकर प्लास्टिक के विकल्प के रूप में लोगों को उपलब्ध कराया, पटाखा विक्रय केन्द्रों के पास अपने स्टाल लगाकर लोगों को कपड़े से बने थैले उपलब्ध कराएं, इसके साथ ही कैम्पेन में भी बड़–चढ़कर सहभागिता दी। उन्होने कहा कि प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन में जनप्रतिनिधियों, स्कूल, कालेज के छात्र–छात्राओं, व्यापारीबंधुओं तथा आमनागरिकों के साथ सभी का सहयोग मिला, बुधवारी बाजार को प्लास्टिक फ्री बाजार घोषित किया गया। निगम द्वारा इस दिशा में आगे भी निरंतर अभियान चलाया जाएगा।

<u>इन हितग्राहियों को किया गया सम्मानित</u>– आयोजन के दौरान व्यक्तिगत ऋण की हितग्राही गंगा साहू, लक्ष्मी महंत, रनिया मानिकपुरी, संतोषी उईके, अमित ठाकुर, बसंती श्रीवास, मीनाक्षी श्रीवास, विनीता साहू, ज्योत्सना बघेल, रघुनंदन बरेठ, जुनैद मेमन, रविशंकर महंत, सुकृत दास, रजनी यादव, शिव कुमारी, पूनम सोनकर, स्वाति श्रीवास, झाडूराम, रथराम सागर एवं शिवप्रकाश सारथी को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार समूह ऋण में जय मां महामाया स्वसहायता समूह, मां सर्वमंगला स्वसहायता समूह, मां चन्द्रहाषिनी स्वसहायता समूह, नवदुर्गा स्वसहायता समूह, स्वामी विवेकानंद स्वसहायता समूह, महिला कल्याण स्वसहायता समूह, लक्ष्मी स्वसहायता समूह, आदर्श स्वसहायता समूह, वीणा वादिनी स्वसहायता समूह, जागृति स्वसहायता समूह, श्री श्रीसर्वमंगला स्वसहायता समूह, खम्बेश्वरी स्वसहायता समूह, दुर्गा स्वसहायता समूह, प्रगति स्वसहायता समूह आदि को सम्मानित किया गया।

<u>प्लास्टिक फ्री कैम्पेन हेतु सम्मान</u>– निगम द्वारा चलाए गए प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन के तहत कपड़े के थैले बनाकर प्लास्टिक के विकल्प के रूप में लोगों को उपलब्ध कराने के लिए वंदना स्वसहायता समूह, भवानी स्वहायता समूह, प्रेरणा स्वसहायता समूह, ओमहंसिनी स्वसहायता समूह, परमेश्वरी स्वसहायता समूह, सरस्वती स्वसहायता समूह, मां शारदा स्वसहायता समूह आदि को सम्मानित किया गया।